# इंडियन ग्रे वुल्फ

## चर्चा में क्यों?

इंडियन ग्रे वुल्फ *(??????? ????? ?????????)* हाल ही में दिल्ली में **यमुना** के बाढ़ के मैदानों के पास देखा गया, जो **1940 के दशक के बाद पहली बार** दर्ज किया गया **दृश्य है।**

- **इसे दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के त्रि-जंक्शन** पर **यमुना नदी** के तट पर स्थित पल्ला गाँव में देखा गया।

## मुख्य बिंदु

- **भारतीय ग्रे वुल्फ के बारे में:**
    - भारतीय ग्रे वुल्फ, **ग्रे वुल्फ** की एक **उप-प्रजाति** है जो **भारतीय उपमहाद्वीप** और **दक्षिण-पश्चिम एशिया** में पाई जाती है।
    - यह **रात्रिचर** तथा एक **शीर्ष शिकारी है,** जो **छोटे समूहों में शिकार करता है** तथा अन्य भेड़िया उप-प्रजातियों की तुलना में **कम मुखर होता है।**
- **आकृति:**
    - **कैनिडे परिवार** के इस **मांसाहारी** वुल्फ की लंबाई में **नर में 100-130 सेमी** और **मादा में 87-117 सेमी होती है।**
    - यह आकार में **तिब्बती** और **अरब भेड़ियों** के बीच का होता है तथा इसकी **खाल मोटी नहीं होती**, जिससे यह **गर्म जलवायु** में स्वयं को आसानी से **अनुकूलित** कर लेता है।
- **आवास एवं वितरण:**
    - इसकी उपस्थिति **पश्चिम में इज़रायल से लेकर पूर्व में भारतीय उपमहाद्वीप** तक फैली है। यह मुख्यतः **झाड़ीनुमा भू-भागों, घास के मैदानों, पशुपालन आधारित कृषि-तंत्रों और अर्ध-शुष्क कृषि-तंत्रों** में पाया जाता है।
    - **महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश** सहित कई अन्य राज्यों में इनका अस्तित्व पाया जाता है।
- **संरक्षण की स्थिति:**
    - CITES**: परिशिष्ट I**
    - वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972: अनुसूची **I**




## बांकापुर भेड़िया अभयारण्य

- यह कर्नाटक में स्थित है और यह झारखंड में महुआदानर भेड़िया अभयारण्य (1976 में स्थापित) के बाद **भारत का दूसरा संरक्षित क्षेत्र है, जो पूरी तरह से भेड़ियों को समर्पित है।**
- यह 332 हेक्टेयर में फैला हुआ है और **इसमें झाड़ीदार जंगल, पहाड़ियाँ तथा** भेड़ियों के निवास के लिये उपयुक्त प्राकृतिक गुफाएँ हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-grey-wolf-1